
### कवि परिचय

शिक्षा के प्रति समर्पित रमेश थानवी का जन्म सन् 1945 फलोदी जिले के फलोदी कस्बे में हुआ। नाम स्थान पर हुआ था। देश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम चलाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उनकी कुछ लोकप्रिय रचनाएँ हैं– 'घड़ियों की हड़ताल', 'शिक्षा की परीक्षा', 'मेला', 'भोर भई' आदि। थानवी जी का निधन 12 फ़रवरी, 2022 को हुआ था।



# अभ्यास

## पाठ से– (Comprehension) Text Based Understanding Skills

**श्रुतलेख–** DICTATION | LISTENING AND WRITING

ठेला झूला खिलौने गुड़िया गुनगुन

**मौखिक प्रश्न–** ORAL COMMUNICATION | SPEAKING SKILLS

**1. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** CRITICAL THINKING | RECALL

(क) घर के पास क्या लगा था?

(ख) खिलौने कैसे थे?

**लिखित प्रश्न–** WRITING SKILLS

**2. कविता की छूटी पंक्तियाँ लिखिए–** KNOWLEDGE APPLICATION

(क) हमने जाकर खाई चाट,
..............................................

(ख) हमने जाकर झूले झूले,
..............................................

(ग) लाए जाकर चार खिलौने,
..............................................

(घ) गुड़िया, गुनगुन दोनों साथ,
..............................................

**3. सही उत्तर चुनिए–** MCQ | ANALYTICAL ABILITY

(क) मेले में आया था–

(i) हाट का ठेला ◯ (ii) चाट का ठेला ✓

**(ख) मेले में आया था–**

**(i) झूलेवाला** ✓

**(ii) गुब्बारेवाला** ◯

## भाषा व व्याकरण से–

CRITICAL THINKING

1. **सही शब्दों पर गोला लगाइए और वाक्यों को दुबारा लिखिए–**

(क) खिलौने वाले के पास रंग-बिरंगे खिलौना/खिलौने थे।

खिलौने वाले के पास रंग-बिरंगे खिलौने थे।

(ख) सबने मेले में चाट खाई/खाए।

सबने मेले में चाट खाई।

(ग) हम सब झूला/झूले पर बैठ गए।

हम सब झूले पर बैठ गए।

(घ) मेला/मेले तीन दिनों के लिए लगा था।

मेला तीन दिनों के लिए लगा था।

RHYMING WORDS

2. **मिलते-जुलते तुक वाले तीन-तीन शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) मेला | केला | ठेला | खेला |
| (ख) चाट | काट | खाट | घाट |
| (ग) चार | हार | तार | वार |
| (घ) घर | पर | नर | डर |

UNDERSTANDING

3. **समझकर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) लगना | लगा | लगी | लगे |
| (ख) देखना | देखा | देखी | देखे |
| (ग) आना | आया | आई | आए |
| (घ) समाना | समाया | समाई | समाए |

4. **वाक्य बनाइए–** SENTENCE MAKING | CREATIVE AND CRITICAL THINKING

(क) सुंदर ...फूल बहुत सुंदर है।...

(ख) खिलौना ...मुझे नया खिलौना मिला।...

(ग) हाथ ...मैंने अपने हाथों से खाना खाया।...

(घ) ठेला ...मेरे घर के पास फलों का ठेला है।...

5. **सही उत्तर चुनिए–** MCQ | RECALL | ANALYTICAL THINKING

(क) घर शब्द के अर्थ से मिलते-जुलते अर्थ वाला शब्द है–

(i) ग्रह ◯ (ii) गृह ◯ ✓

(ख) शुद्ध शब्द है–

(i) सलोना ◯ ✓ (ii) सलौना ◯

(ग) शुद्ध वाक्य है–

(i) हमने दौलत की चाट खाई। ◯ ✓

(ii) हमने दौलत का चाट खाया। ◯

## पाठ से आगे–

विषय उन्नयन गतिविधियाँ
Subject Enrichment Activities

1. 'मेला' कविता को लय में गाकर कक्षा में सुनाइए। ART INTEGRATION

2. 'मैं दुर्गापूजा का मेला घूमने गया।....' इसके आगे की चार-पाँच पंक्तियाँ अपने मन से बनाकर लिखिए। CREATIVE WRITING

4. मेले से लौटते गुड़िया, गुनगुन और छोटू के हँसते चेहरों की रंगीन इमोजी बनाइए और A-4 साइज की कार्ड सीट पर चिपकाकर कक्षा में बताइए। ART INTEGRATION

5. मेले का चित्र चार्ट पेपर पर चिपकाइए। उसके साथ झूला, ठेला, खोए बच्चों की सूचना देने वाला काउंटर का एक पोस्टर तैयार कीजिए और अपनी कक्षा में लगाइए। ART INTEGRATION

**अधिगम प्रतिफल**

1. मेलों का महत्व जानना और समझना
2. मिलने-जुलने की समझ
3. संकट के समय मेले के सूचना केंद्र की जानकारी और उसकी सहायता लेना

Competencies | CG-4.1, 4.2, 4.5, 7.3, 9.1, 9.2, 9.4, 10.8, 11.1, 12.1, 12.5